वेबसाइट पर 'संगठनात्मक एकक' का विवरण

कर्मचारी निरीक्षण एकक

सरकारी कार्यालयों और सरकारी अनुदानों पर पूर्णत: अथवा काफी हद तक निर्भर संस्थाओं में प्रशासनिक दक्षता के अनुरूप सरकारी संगठनों की स्टाफिंग में किफायत बरतने और निष्पादन मानक एवं कार्य प्रतिमान तैयार करने के उद्देश्य से 1964 में कर्मचारी निरीक्षण एकक का गठन किया गया था। वैज्ञानिक और तकनीकी संगठन कर्मचारी निरीक्षण एकक के कार्यक्षेत्र में नहीं आते हैं किन्तु ऐसे संगठनों का अध्ययन संबंधित विभाग के प्रमुख द्वारा गठित एक समिति द्वारा किया जाता है जिसमें कर्मचारी निरीक्षण एकक का प्रतिनिधि मुख्य सदस्य होता है।

वित्त सलाहकार, कर्मचारी निरीक्षण एकक और मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/संगठनों के बीच की मुख्य कड़ी होते हैं। कर्मचारी निरीक्षण एकक द्वारा स्टाफिंग अध्ययन के सभी अनुरोध संबंधित वित्त सलाहकारों के माध्यम से भेजे जाते हैं। अध्ययन रिपोर्टें, अध्ययन किए गए संगठन के प्रबंधन के साथ विचार-विमर्श के पश्चात जारी की जाती हैं और संबंधित संगठन को इन्हें निर्धारित अवधि में अर्थात् तीन माह के अंदर कार्यान्वित करना होता है।

कर्मचारी निरीक्षण एकक, संबंधित मंत्रालय/विभाग के वित्त सलाहकार से अनुरोध प्राप्त करने के बाद केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों के तहत कार्यरत केन्द्र सरकार के विभिन्न संगठनों, स्वायत निकायों का भौतिक निरीक्षण/अध्ययन करता है। विधिवत् निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार ऐसे अध्ययन करने से पहले, ये अध्ययन वार्षिक कार्यक्रम में शामिल किए जाते हैं। पिछले वार्षिक कार्यक्रम अर्थात 2017-18 के दौरान, कर्माचारी निरीक्षण एकक ने अलग-अलग संगठनों के 08 अध्ययन किए हैं और उन्हें अंतिम रिपोर्ट जारी की हैं, जो इस प्रकार हैं :

1. पूर्वोत्तर क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान, बिस्वनाथ चरिआली, असम (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत)।

2. अली यावर जंग राष्ट्रीय श्रवणअक्षमता/संस्थान (नया नाम अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् एवं श्रवण) दिव्यांगजन संस्थान, मुम्बई (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत)।

3. वाणिज्य विभाग द्वारा विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनिमय, 2015 के तहत स्थापित बहु उत्पाद/बहु सेवा और क्षेत्र विशिष्ट विशेष आार्थिक क्षेत्र।

4. राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली की संपादकीय और अनुवाद सेवा शाखा।

5. सूचना एवं प्रसारण (मुख्य सचिवालय) का कार्य माप अध्ययन।

6. दक्षिणी क्षेत्र फार्म मशीनरी और परीक्षण संस्थान, अनंतपुर, आंध्र प्रदेश।

7. भूमि एवं विकास कार्यालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली का स्टाफिंग अध्ययन।

८. आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के तहत सम्पदा निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्य माप अध्ययन।

कर्मचारी निरीक्षण एकक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी संगठन नामत: (i) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली (ii) इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली में जनशक्ति की आवश्यकता के आकलन के लिए संबंधित विभागों द्वारा गठित दो समितियों से प्रमुख सदस्य के रूप में जुड़ा रहा है।

इस समय कर्मचारी निरीक्षण एकक का कार्य देख रहे अधिकारियों की सूची नीचे दी गई है:

संयुक्त सचिव (कार्मिक) फोन: 23093283 फैक्स: 23092652	**निदेशक (एसआईयू),** फोन/फैक्स: 24617753	**उप सचिव (एसआईयू)** फोन: 24697551	**अवर सचिव (एसआईयू)** फोन: 24611032	**अवर सचिव (एसआईयू)** फोन: 24617705	**अवर सचिव (एसआईयू)** फोन: 24627920